# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-139 | सागवाड़ा, बुधवार, 19 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## करौली गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के करौली गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक घर मे सोया था और पास ही प्लग पर हाथ लगने से उसे करंट लग गया। माँ जब उसे उठाने गई तो उनकी मौत का पता लगा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह ने बताया कि करौली गांव निवासी विक्रम (26) पुत्र जयशंकर ननोमा गुजरात मे ट्रक ड्राइवर है। मकर संक्रांति के त्योहार पर वह अपने घर आया था। कल मंगलवार रात को खाना खाने के बाद विक्रम घर में सोते हुए टीवी देख रहा था। वहीं उसकी पत्नी सुनीता, माँ रूपली, पिता और उसके 2 बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। रात को विक्रम का हाथ बिजली के प्लग पर लग गया, जिससे उसे करंट लग गया। आज बुधवार सुबह जब विक्रम देर तक नहीं उठा तो उसकी माँ रूपली उसे चाय पीने के लिए बुलाने गई तो देखा उसके इकलौते बेटे की मौत हो गई थी।

घटना के बाद माँ रूपली, पत्नी सुनीता ओर परिवार के लोग फूट-फुटकर रोने लगे। घटना के बाद आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पंहुची ओर घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। मृतक के पिता जयशंकर ननोमा की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक के एक 4 साल का बेटा अंशुल व 1 साल की बेटी आशा है, जिनके सिर से अब पिता का साया उठ गया।

## खेत से घर लौट रहे एक किसान की पडौसी युवक ने सिर पर लट्ठ से हमला कर हत्या कर दी

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के भेहणा गांव में बीती रात खेत से घर लौट रहे एक किसान की पडौसी युवक ने सिर पर लट्ठ से हमला कर हत्या कर दी। दोनो पड़ोसियों के बीच नाली के गंदे पानी की निकासी को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इधर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि भेहणा निवासी लालशंकर पाटीदार उम्र 45 वर्ष ओर पडौसी पंकज पाटीदार उम्र 20 वर्ष के बीच नाली का गंदा पानी आंगन में आने को लेकर विवाद चल रहा है। लालशंकर पाटीदार कल खेतो में फसल को पानी पिलाने गया था। इसके बाद शाम को किसान लालशंकर वापस घर लौट रहा था। उसी समय पंकज ने गंदे पानी की निकासी को लेकर लालशंकर पर लट्ठ से हमला कर दिया। हमले से लालशंकर के हाथ व पैर टूट गया। वही पंकज ने लालशंकर के सिर पर हमला किया, जिससे वही गिर गया। इस बीच भाई मानशंकर बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी मारपीट की ओर इसके बाद पंकज मौके से भाग गया।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। वही परिजन गंभीर घायल लालशंकर को जिला अस्पताल लेकर आये और उसे भर्ती करवाया। वही आज सुबह किसान लालशंकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर सूचना पर आज सुबह बिछीवाड़ा थाना पुलिस डूंगरपुर अस्पताल पहुंचे और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पुलिस ने डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया। इधर पुलिस ने फरार हुए आरोपी पंकज को हिरासत में ले लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

## राजस्थान में 12 कोरोना संक्रमितों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में बुधवार को 12 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। राज्य में कोरोना की मौक का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कोरोना की तीसरी लहर में अब तक राज्य में 67 लोगों की जान जा चुकी है। इनमें 50 मरीजों ने पिछले 7 दिन में ही दम तोड़ दिया है। वहीं प्रदेश में एक्टिव 74 हजार को पार कर गए है। स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में 12 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। कोटा और सीकर में एक-एक कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। जबकि राजधानी जयपुर में 3 और जोधपुर में 2 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। बीकानेर में 2 और दौसा में एक व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई है। इसी प्रकार अजमेर और अलवर में एक-एक कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई है। राजधानी जयपुर में 3310 नए केस मिले हैं। बुधवार को प्रदेश भर में 13398 नए केस मिले हैं।

## साबला प्रधान के खिलाफ लामबंद हुए कार्मिक

### प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**गलियाकोट।** साबला पंचायत समिति में प्रधान द्वारा राजकीय कार्मिक पर चप्पल उठाने एवं उस पर साबला थाने में मामला दर्ज करवाने की बात को लेकर बुधवार को गलियाकोट पंचायती राज कार्मिकों ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम गलियाकोट विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एवं राज्य सरकार के नियमों की पालना सुनिश्चित करते हुए उक्त घटना के संबंध में आवश्यक एवं ठोस कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया की पंचायत समिति साबला कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक मितेश भट्ट को साबला प्रधान ललिता डेंडोर द्वारा केशबुक लेकर अपने कक्ष में बुलवाया था। मितेश भट्ट केशबुक लेकर प्रधान कक्ष में उपस्थित हुए। प्रधान द्वारा कहा गया में केशबुक को घर ले जाकर चेक करूंगी। इस पर भट्ट ने नियमों का हवाला देते हुए विकास अधिकारी से बात करने को कहा गया। इस पर प्रधान भड़क उठी वह भट्ट को अपशब्द कहे गए। चप्पल सामने फेंकने जैसे कृत्य को अंजाम दिया गया। जो कि एक कर्मचारी की गरिमा एवं मानसिक स्थिति को आघात पहुंचाता है।ऐसे वातावरण में कार्मिकों का कार्य करना दुश्वार हो गया है।कार्मिक अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं,कार्मिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एवं राज्य सरकार के नियमों की पालना सुनिश्चित करते हुए उक्त घटना के संबंध में आवश्यक एवं ठोस कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर पीओ भरतलाल कलाल, कैलाश फलोत, वरिष्ठ सहायक कान्तिलाल पाटीदार, रमेशचंद्र पाटीदार, दिनेश डिंडोर, कनिष्ट सहायक विपुराज सिंह सहित पंचायतीराज कार्मिक उपस्थित रहे।

## आईएएस शुभम चौधरी ने संभाला डूंगरपुर कलेक्टर का पदभार

### कोरोना प्रबंधन के साथ डूंगरपुर के विकास की रहेगी प्राथमिकता

**डूंगरपुर।** आईएएस शुभम चौधरी ने बुधवार को डूंगरपुर कलेक्टर के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है। आईएएस शुभम चौधरी डूंगरपुर की 63वी व महिला कलेक्टर के रूप में चौथी कलेक्टर बनी हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर शुभम चौधरी ने डूंगरपुर को लेकर उनकी प्राथमिकताएं बताई जिसमे कोरोना संक्रमण से जिले का बचाव व जिले के विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताया।

कलेक्टर शुभम चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सरकार की सभी योजनाओं ओर विकास के कामो को आखरी छोर तक पंहुचाना होगा, जिसका लाभ सभी वर्ग को मिल सकें। उन्होंने कहा कि अभी देश और दुनिया मे कोरोना, ओमिक्रोन ओर कई नए वेरिएंट आ रहे है। कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के साथ ही किस तरह से डूंगरपुर के लोगो को सुरक्षित रखा जा सकता है इसके प्रयास होंगे। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ ही एजुकेशन पर भी उनका फोकस रहेगा। डूंगरपुर ट्राइबल एरिया है और यहां अधिकतर लोग मनरेगा योजना में काम करते है। मनरेगा रोजगार का सवसे बड़ा जरिया है। लेकिन रेलवे लाइन बनने से डूंगरपुर में इन्वेस्टमेंट के साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि डूंगरपुर रेलवे के काम को पूरा करवाते हुए रोजगार के अवसर को विकसित करना भी उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने जिले में बिगड़ते सामाजिक समरसता के सवाल पर कहा कि ट्राइबल एरिया में जो कुछ कमियां रही है या लोगो की डिमांड है उसे पूरा करवाने का प्रयास होगा। ट्राइबल एरिया के सभी समाज व वर्गों में आपसी सामंजस्य ओर तालमेल के साथ काम हो ऐसे प्रयास रहेंगे। कलेक्टर शुभम चौधरी ने कहा कि वे श्रम विभाग में आयुक्त रह चुकी है।

डूंगरपुर में ई श्रम रजिस्ट्रेशन में स्थिति अच्छी नहीं है। श्रमिक कार्ड बनने से सरकार की कई योजनाएं है, जिसका फायदा लोगों को मिलेगा। निर्माण श्रमिको की कई स्कीमें है उन पर भी पूरा फोकस रहेगा।

## बारां कलेक्टर ने संभाला पदभार

**बारां।** बारां के नवनियुक्त जिला कलेक्टर नरेन्द्र गुप्ता ने बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बारां पहुंचकर निवर्तमान कलेक्टर राजेंद्र विजय से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम व चिकित्सा इंतजामों को लेकर विशेष प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

### भले ही मौतें कम पर हल्के में न लें

## रेड जोन इलाकों पर फोकस बढ़ाएं: गहलोत

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना के हालात को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिपरिषद की रिव्यू बैठक खत्म हो गई। इसमें कोरोना कोर ग्रुप से जुड़े एक्सपर्ट्स ने प्रजेंटेशन दिया। मौजूदा हालातों पर मंथन के बाद सीएम अब एक बार फिर गाइडलाइन की समीक्षा करेंगे। गृह विभाग संशोधित कर नया ड्राफ्ट सीएम की मंजूरी के लिए रखेगा। इसके बाद एक दो दिन में नई गाइडलाइन जारी हो सकती है। वहीं, एक्सपर्ट्स ने बैठक के दौरान रेड जोन वाले इलाकों पर फोकस करते हुए गाइडलाइन की सख्ती से पालना की सलाह दी। कहा कि ओमिक्रॉन से अभी मौतें भले कम हो रही हैं, लेकिन इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। आईसीएमआर की गाइडलाइन की सख्ती से पालन करने पर जोर देना होगा। बैठक की शुरुआत में सीएम ने कहा कि ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए सरकार ने कई पाबंदियां लगाई हैं। स्थानीय स्तर पर संबंधित विभाग समन्वय से काम करके गाइडलाइन का पालन करवाएं। बैठक में गहलोत ने कहा कि अभी तक किसी को यह पता नहीं है कि ओमिक्रॉन से संक्रमित होने के बाद पोस्ट कोविड इफेक्ट क्या हो सकते हैं। कोरोना के डेल्टा वैरिएंट में संक्रमित होने वालों को कई तरह के पोस्ट कोविड समस्याओं का सामना करना पड़ा। अभी तक किसी को ओमिक्रॉन के बाद के रिजल्ट के बारे में पता नहीं है। इसके रिजल्ट की स्टडी होना बहुत जरूरी है। कुछ एक्सपर्ट्स ने डब्ल्यूएचओ का हवाला देते हुए कहा कि ओमिक्रॉन से डरने की जरूरत नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि इसमें पाबंदियों से रिलेक्सेशन दिया जा सकता है। एक्सपर्ट की इस राय के बाद सीएम ने स्टडी करने के बाद ही फैसला करने की बात कही। रिव्यू बैठक के दौरान एक्सपर्ट्स ने सुझाव दिया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। भीड़भाड़ में संक्रमण तेजी से फैलता है,इसका ध्यान रखना जरूरी है। जहां भी लापवाही होती है, वहीं संक्रमण बढ़ता है। मीटिंग में एक्सपर्ट्स ने राजस्थान के 15 जिलों में पॉजीटिविटी रेट 15 से 20 फीसदी के आसपास होने को गंभीर मामला बताया। बढ़ते पॉजिटिव केस को देखते हुए कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर पर जोर देने को कहा है। एक्सपर्ट ने वैक्सीनेशन पर फोकस करने को कहा है। एक्सपर्ट ने कोरोना के नए वैरिएंट पर नजर रखने के लिए जिनोम सिक्वेंसिंग पर जोर देने की सलाह दी गई है। एसएमएस में जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा है।



## राजकीय जनजाति बालिका आवासीय स्कूल में सम्मान समारोह हुआ



**सागवाड़ा।** राजकीय जनजाति बालिका आवासीय स्कूल सागवाड़ा में बुधवार को सम्मान समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डूंगरपुर नगर परिषद के निवर्तमान सभापति केके गुप्ता थे। अध्यक्ष नगरपालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने की। विशिष्ट अतिथि जीजीटीयू बॉम मेंबर डॉ हितेश पाटीदार, सीए निलेश संघवी, डॉ मनोज पाटीदार, मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश चंद्र गामोट, पूर्व उपप्रधान नरेंद्र पंड्या, कांग्रेस नगर अध्यक्ष बंधु पाठक, पार्षद विमल कलासुआ, ईओ मुकेश कुमार मोहिल, शिक्षक नेता सुभाष चंद्र भट्ट और पंकज स्वर्णकार थे। स्कूल की तरफ से अतिथियों का भारती यादव, दर्पण पंड्या, जयश्री पंवार, रेशमा, मोनिका, छाया ने मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। संस्था प्रधान भरत पाटीदार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही प्रार्थना सभा के लिए हॉल या डोम पांडाल के निर्माण के लिए बजट दिलाने और बालिकाओं के स्नान के लिए गर्म पानी के लिए गीजर की व्यवस्था करने की मांग की। डॉ भट्ट ने मुख्य अतिथि गुप्ता को शोध पत्र की प्रति भेंट की। अतिथियों ने 74 वे संविधान संशोधन पश्चात स्थानीय स्वशासन में नेतृत्व व प्रशासन विषय पर शोध और उसमें डूंगरपुर नगर परिषद के विशेष संदर्भ (सत्र 2015 से 2018) में डूंगरपुर नगर परिषद के निवर्तमान सभापति केके गुप्ता के स्वच्छता व विकास को लेकर डूंगरपुर शहर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए किए गए प्रयासों को शामिल कर इसे प्रेरणादायक बनाने के लिए डॉ नीरज भट्ट को सम्मानित किया। इस अवसर पर दीपक पाठक, पंकज पाटीदार, राजेश सुथार, डाया लाल, हार्दिक पाठक, जयप्रकाश, उमेश पंड्या समेत छात्र और स्टाफ के सदस्य मौजूद थे। संचालन लक्ष्मीकांत माली ने किया।

## केंद्र सरकार की वन धन विकास योजना की बैठक ली

**डूंगरपुर।** उदयपुर संभागीय आयुक्त व टीएडी आयुक्त राजेन्द्र भट्ट आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान आयुक्त भट्ट ने जिला परिषद सभागार में केंद्र सरकार की वन धन विकास योजना की बैठक ली। योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त भट्ट ने कहा की क्षेत्र में योजना का सफल क्रियान्वयन आदिवासी परिवारों के विकास में वरदान साबित होगी। डूंगरपुर जिला परिषद सभागार में उदयपुर संभागीय आयुक्त व टीएडी आयुक्त राजेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित वन धन विकास योजना की बैठक में वन विभाग, कृषि विभाग, राजीविका और वन धन विकास केन्द्रों के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। बैठक में राजीविका के अधिकारियो ने बताया की जनजाति समुदाय द्वारा वन क्षेत्र में पैदा होने वाली लघु वन, कृषि, औषधीय तथा उद्यानिकी उपजों एवं अन्य उत्पादों का संग्रहण कर उनका मूल्य संवर्धन के द्वारा उचित मूल्य दिलवाये जाने के उद्धेश्य से जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से वन धन विकास योजना लागू की गई थी। जिसके तहत डूंगरपुर जिले में l2 वनधन विकास केंद्र की मंजूरी दी गई है जिसमे से जिले में अभी तक 16 वनधन विकास केंद्र बने है। जिसमें करीब 5 हजार आदिवासी महिलाए जुडी हुई है। इधर बैठक को उदयपुर संभागीय आयुक्त व टीएडी आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने संबोधित किया। आयुक्त भट्ट ने कहा की जनजाति क्षेत्र में योजना का सफल क्रियान्वयन आदिवासी परिवारों के विकास में वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा की योजना के तहत विभिन्न लघु वन उपजों, कृषि उत्पादों तथा आयुर्वेदिक औषधियों का संग्रहण, मूल्य संवर्धन, पैकिंग तथा विपणन की कार्यवाही की जायेगी इसके लिए उन्होंने वन विभाग, कृषि विभाग व राजीविका के अधिकारियो को आपसी सामंजस्य बैठाते हुए वन धन विकास केन्द्रों के क्षेत्रो के आधार पर बिजनिस डवलपमेंट प्लान बनाने के निर्देश दिए।

## किसानों को कुचलने वाले किस मुंह से समर्थन मांगेंगे : पायलट

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है। यूपी चुनाव में प्रचार के लिए गए सचिन पायलट ने किसानों के मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और यूपी सरकार को निशाने पर लिया। पायलट ने कहा- बीजेपी राज में किसानों की आमदनी तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन अन्नदाता का दर्द सौ गुना हो गया। अन्नदाता के साथ जिस तरह अत्याचार किया, उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचाई, बीजेपी को उसका जवाब देना पड़ेगा। एनएसएसओ की रिपोर्ट के मुताबिक किसान की औसत आय से ज्यादा कर्जा बढ़ा है। इस बात का शक है कि जैसे ही चुनाव खत्म होंगे, केंद्र सरकार बैकडोर से कृषि कानून लागू करने का प्रयास करेगी। पायलट वाराणसी में मीडिया से बात कर रहे थे। पायलट ने कहा- देश में किसान कर्ज में डूबा है। खाद-बीज की लागत बढ़ गई है। वो लोग जो कहते थे कि किसान की आय दोगुनी करेंगे, उसका उल्टा किया। बीजेपी सरकार ने किसान के मान सम्मान को ठेस पहुंचाई है। केंद्रीय मंत्री के बेटे ने किसानों को कुचल दिया, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। किसानों को दबाने और उन्हें कुचलने का काम करेंगे तो किस मुंह से उनसे समर्थन की मांग करेंगे। सचिन पायलट ने कहा- पांच साल योगी की सरकार को और सात साल केंद्र सरकार को हो गए। जिस तबके को विश्वास में लेकर इन्होंने वोट लिए, वह हर तबका आज ठगा सा महसूस कर रहा है। इन्होंने किसी वर्ग को राहत नहीं दी। बीजेपी सरकार ने चंद नजदीकी लोगों के लाखों करोड़ के कर्ज माफ कर दिए लेकिन किसानों को राहत नहीं दी।

## एसपी निवास के पास एलआईसी विकास अधिकारी के ऑफिस सहित 4 जगहों पर चोरी

### डूंगरपुर शहर में चोरो के हौसले बुलंद

**डूंगरपुर।** शहर में चोरो के हौसले बुलंद है। चोरो ने बीती रात कोतवाली पुलिस की रात्रि गश्त को धता बताते हुए गांधी आश्रम रोड पर एसपी निवास के पास एलआईसी विकास अधिकारी के ऑफिस सहित 4 जगहों पर चोरी की। इस दौरान चोर हजारो की नगदी व एक बाइक चुरा ले गए। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के गांधी आश्रम रोड पर एसपी निवास के कुछ दुरी पर ही चोरों ने एलआईसी के बीडीओ पवन कुमार के ऑफिस को निशाना बनाया । इस दौरान चोरों ने ऑफिस के शटर का ताला तोड़कर अंदर कांच का केबिन भी तोड़ दिया। इसके बाद ऑफिस के काउंटर में रखे 39 हजार 300 रुपये का कैश चोरी कर ले गए। पवन कुमार ने बताया कि लोगों के एलआईसी किश्त की राशि आई थी जो काउंटर में रखी हुई थी। इधर एलआईसी वीडीओ ऑफिस के पास ही एक चाय के केबिन में भी चोरी हुई। चोरों ने चाय के केबिन का गल्ला तोड़कर साढ़े 3 हजार रुपये की नगदी चुरा गए । इसके अलावा भाजपा ऑफिस के पास मेडीसेंटर के शटर के भी ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे। कांच का केबिन भी तोड़ दिया।

मेडिसेन्टर के नरेश जैन ने बताया कि काउंटर में रखे 4 हजार रुपये का कैश चोरी कर ले गए। चोरों ने मेडीसेंटर में लगे सीसीटीवी तोड़ दिए और सीसीटीवी का डीवीआर भी तोड़कर ले गए। वहीं मेडीसेंटर के पास ही शांतिलाल जैन के मकान में किरायेदार ईश्वरलाल की बाइक को भी चोर चुरा ले गए। इधर घटना की सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए पीडितो की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। इधर एसपी निवास से कुछ दुरी पर हुई चोरियों ने चोरो के हौसले कितने बुलंद है इसके बारे में बता दिया वही कोतवाली थाना पुलिस की रात्री गश्त की पोल भी खोलकर रख दी है।